पैनिक अटैक (Panic Attack)

पैनिक अटैक में रोगी को अत्यंत तीव्र घबराहट होती है जो अचानक शुरू होती है और 10 मिनिट के अंदर ही अपनी पूर्ण तीव्रता पर पहुॅचती है। इसके साथ रोगी को निम्नलिखित लक्षण होते हैं–

1. सांस लेने में मुशकिल होना
2. मुॅह सूखना
3. चक्कर आना
4. पसीना आना
5. ड़र लगना कि कुछ होने वाला है जैसे – हार्ट अटैक, पैरालिटिक अटैक, बैहोशी आदि।
6. दिल का तेजी से धड़कना
7. झुनझुनी आना
8. कम्पन आना
9. उल्टी का जी करना
10. पेट में अजीब सा लगना आदि।

यह दौरे अचानक आते हैं तथा 20 से 30 मिनिट तक चलते हैं।

यह रोग एक प्रकार के फिटस की बीमारी से मिलता जुलता है क्योंकि दोनों का उपचार अलग अलग होता है इसलिये रोगी का ई.ई.जी. और एम. आर. आई. जॉच कराई जाती है।